जागरण

रांची में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 22 Jan 2020 10:07 AM (IST)

Jharkhand. आरोपित की गिरफ्तारी मांडर थाना क्षेत्र से हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपित के पास से नकली नोट भी बरामद किए गए हैं।

रांची, जासं। राजधानी रांची की पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की गिरफ्तारी मांडर थाना क्षेत्र से हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपित के पास से 100, 200 और 500 के नकली नोट भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा आरोपित के घर से प्रिंटर, पेपर, कम्प्यूटर सहित कई समान भी मिले हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-gang-busted-printing-fake-notes-in-ranchi-police-arrested-a-criminals-jharkhand-19960697.html